GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF RAILWAYS
(RAILWAY BOARD)

No. ERB-I/2011/2/11

New Delhi, Dated 23.09.2014

CIRCULAR

Sub: Filling up the post of Editor (Bharatiya Rail), Railway Board in Pay Band-3 Grade Rs. 15600-39100 plus Grade Pay Rs. 7600/-.

The post of Editor (Bharatiya Rail)/Railway Board in Pay Band-3 Grade Rs. 15,600-39,100 plus Grade Pay Rs. 7600/- is proposed to be filled up on deputation from officers of Central Government possessing the following service conditions, educational qualification and experience:-

(a) (i) Holding analogous post on regular basis in the parent cadre or Department; or
(ii) five years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in the Pay Band-3, of Rs. 15600-39100 with Grade Pay of Rs.6600 or equivalent in the parent cadre or department; and

(b) Possessing the following qualifications and experience:-

ESSENTIAL:

(i) **Master's degree in Hindi from a recognised University or equivalent.**
(ii) Ten years' experience in Journalism or as Editor in Hindi in any publication department of the Central Government or any News paper or news agency or publicity organisation under the Central Government.

Note 1: Qualifications are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission for reasons to be recorded in writing, in the case of candidates otherwise well qualified.

Note 2: The qualifications regarding experience is relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission for reasons to be recorded in writing, in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes if any at any stage of selection the Union Public Service Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them.

Desirable:

Degree or diploma in Journalism of a recognised University or Institution.

1.1. Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of Central Government shall ordinarily not exceed four years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of the receipt of applications.

Note: For the purpose of appointment on deputation or absorption basis, the service rendered on a regular basis by an officer prior to 1st January, 2006 (date from which the revised pay

...2/-

structure based on the Sixth Central Pay Commission recommendation has been extended) shall be deemed to be service rendered in the corresponding grade pay or pay scale extend based on the recommendations of the Pay Commission, except where there has been merger of more than one pre-revised scale of pay into one grade with a common grade pay or pay scale, and where this benefit will extend only for the post(s) for which that grade pay of pay scale is the normal replacement grade without any upgradation.

2. The names of such officers, who are eligible in terms of the above rules, and are desirous of being considered for the post of Editor (Bharatiya Rail)/Railway Board, may be forwarded in the prescribed proforma at Annexure-A, alongwith photocopies of their Annual Confidential Reports (of the last five years), SPE/Vigilance & DAR clearances etc. and major/ minor penalties imposed during the last ten years, so as to reach the undersigned by 17-11-2014 in Room No. 536-A, Rail Bhavan, Raisina Road, New Delhi – 110 001.

(J.M.S. Rawat)
Deputy Secretary (E)
Railway Board

Encl : Annexure-A

Copy to :

1. All Ministries/Departments of the Government of India.
2. The General Managers, All Indian Railways including ICF, RCF. CLW, DLW, RWF, CORE and Metro Railway/Kolkata.
3. Directors General, NAIR, Vadodara & RDSO/Lucknow.
4. CAOs, DMW/Patiala and COFMOW.
5. The Chief Personnel Officers, All Indian Railways
6. The Chief Administrative Officers (MTP), New Delhi, Mumbai, Chennai.
7. The Chief Administrative Officers RCF/Raebareli Project, Kishanganj, Delhi-7.
8. The Director, IRIMEE, Jamalpur.
9. The Director, IRISET, Secunderabad.
10. The Director, IRICEN, Pune.
11. Railway Claims Tribunals, Ahmedabad, Bangalore, Bhopal, Bhubaneswar, Delhi, Ernakulam, Ghaziabad, Gorakhpur, Guwahati, Jaipur, Kolkata, Lucknow, Nagpur, Patna and Secunderabad.
12. Railway Rates Tribunal, 3, Dr. P.V. Cherian Crescent Road, Chennai-600015
13. The General Secretary, All India SCs & STs Railway Employees Association, Room No.7(Ground Floor), Rail Bhawan, New Delhi.
14. Adv(C), JS(G), DIP, DE(GP), DDE(GR), Railway Board
15. RBCC, E(O)I, E(O)II, III, E(GP) Branches with 5 spares.
16. All Group 'B' Officers of Railway Board' s office.
17. 'G' Branch, Railway Board (with 5 spares for display on the Notice Board).

*****

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. ईआरबी-I/2011/2/11 नई दिल्ली, दिनांकः 23.09.2014

परिपत्र

विषयः पे बैंड-3 ग्रेड ₹ 15,600-39,100/- जमा ग्रेड पे ₹ 7,600/- में सम्पादक (भारतीय रेल), रेलवे बोर्ड के पद को भरा जाना।

निम्नलिखित सेवा संबंधी शर्तों, शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव रखने वाले केन्द्र सरकार के अधिकारियों में से पे बैंड-3 ग्रेड ₹ 15,600-39,100/- जमा ग्रेड पे ₹ 7,600/- में सम्पादक (भारतीय रेल), रेलवे बोर्ड के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव हैः-

(क) (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हो; अथवा

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में पे बैंड-3 में ₹ 15,600-39,100/- और ग्रेड पे ₹ 6600/- या इसके समकक्ष वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की हो; और

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव रखते होः

अनिवार्यः

(i) **किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री या इसके समकक्ष।**

(ii) केन्द्र सरकार के किसी भी प्रकाशन विभाग में या केन्द्र सरकार के अधीन किसी भी समाचार-पत्र या न्यूज़ एजेंसी या प्रचार संगठन में हिंदी पत्रकारिता या सम्पादक के रूप में 10 वर्ष का अनुभव।

टिप्पणी 1: यदि उम्मीदवार अन्यथा काफी क्वालीफाइड हो तो संघ लोक सेवा आयोग अपने विवेकानुसार अर्हताओं में छूट दे सकता है और ऐसा किए जाने के कारणों को लिखित में दर्ज किया जाना होगा।

टिप्पणी 2: यदि चयन के किसी चरण में संघ लोक सेवा आयोग की यह राय हो कि अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रिक्तियों को

...2/-

भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले इन समुदायों के पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों के उपलब्ध होने की संभावना नहीं है तो संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुभव से संबंधित अर्हताओं में छूट दी जा सकती है और ऐसा किए जाने के कारणों को लिखित में दर्ज किया जाना होगा।

वांछनीयः

किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पत्रकारिता में डिग्री या डिप्लोमा।

1.1 प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, साधारणतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणीः प्रतिनियुक्ति या समाहन (absorption) के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 (जिस तारीख से छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिश पर आधारित संशोधित वेतन संरचना को लागू किया गया है) से पहले नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर लागू तदनुरूपी ग्रेड पे या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा। सिवाय उसके जहां संशोधन पूर्व के एक से अधिक वेतनमानों का एक ही ग्रेड पे वाले एक ही ग्रेड अथवा वेतनमान में विलय हो गया है और जहां यह लाभ केवल उस पद (पदों), जिसके लिए वेतनमान का ग्रेड पे किसी अपग्रेडेशन के बिना सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है, के लिए ही प्रदान किया जाएगा।

2. कृपया उन अधिकारियों के नाम जो उपर्युक्त नियमों के अनुसार पात्र हैं तथा जो सम्पादक (भारतीय रेल), रेलवे बोर्ड के पद के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हैं, उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की फोटो प्रतियों (पिछले पांच वर्षों की) एसपीई/सतर्कता तथा डीएआर क्लीयरेंस आदि तथा पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों के ब्यौरे के साथ अनुलग्नक-क में दिए गए निर्धारित प्रोफॉर्मा में अधोहस्ताक्षरी को कमरा नं. 536-ए, रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली-110 001 को 17.11.2014 तक भेज दें।

(जे.एम.एस. रावत)
उप सचिव (स्था.)
रेलवे बोर्ड।

ANNEXURE-A

BIO-DATA (PROFORMA)
(To be furnished in duplicate)

Application for the post of _____

1. Name and Address in Block letters
2. Date of Birth (In Christian Era)
3. Educational Qualifications:
4. Present post held with date, Pay Band and Grade Pay and pay therein
5. Date from which regularly working against the post.
6. Experience
7. Additional information, if any, which you would like to mention in support of your suitability for the post.
   (Enclose a separate sheet, if the space is insufficient)

Date:

Signature of the candidate

Address:

Certificate to be recorded by the employer while forwarding the application:-

1) Certified that the particulars of the officer has been verified and found to be correct.

2) It is also certified that he is clear from vigilance angle and no disciplinary proceedings are either pending or/and contemplated against the officer. Integrity of the officer is beyond doubt. The up-to-date ACR/APAR dossiers are enclosed.

Signature of Head of the Dept.
(with office seal / stamp)

Date:

अनुबंध-क

जीवन-वृत्त (प्रोफार्मा)
(दो प्रतियों में प्रस्तुत किया जाए)

---------- के पद के लिए आवेदन

1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) :
2. जन्म तिथि (ईसवी सन में) :
3. शैक्षिक अर्हताएं :
4. वर्तमान पद का नाम तथा उस पर तैनाती की तारीख, पे बैंड तथा ग्रेड पे और उस पर वेतन :
5. पद पर किस तारीख से नियमित आधार पर कार्यरत हैं :
6. अनुभव :
7. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे।
(यदि स्थान कम है तो अलग शीट संलग्न करें) :

तारीख:

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
पता:

आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय नियोक्ता द्वारा रिकॉर्ड किया जाने वाला प्रमाण-पत्र:

1. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विवरणों का सत्यापन किया गया है तथा उन्हें सही पाया गया है।

2. यह भी स्पष्ट किया जाता है कि सतर्कता की दृष्टि से उन पर कोई आरोप नहीं हैं तथा अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही न तो चल रही है अथवा/और न ही उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई करने का विचार है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा संदेह से परे है। अद्यतन एसीआर/एपीएआर डोजियर संलग्न है।

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर
(कार्यालय की मोहर सहित)

दिनांक: